# बाबा तेरी दया पे ही पलता परिवार मेरा | By Kumar Sonu Salona

बाबा तेरी दया पे ही,पलता परिवार मेरा
कैसे भूलूँगा बता,मैं ये उपकार तेरा

ना भय ना चिन्ता कोई,बड़ी मौज करी तूने
खाली झोली मेरी,खुशियों से भरी तूने
तेरी कृपा से हुआ,जीवन मे सवेरा
बाबा तेरी दया पे ही.....

ना किसी काम का था,ना कोई इज़्ज़त थी
मेरे अपनो को भी,ना मेरी जरूरत थी
किस्मत की उल्टी चाल,को तूने ही फेरा
बाबा तेरी दया पे ही ....

इतनी खुशियाँ देकर,बाबा दूर ना जाना तू
चाहे गम हो चाहे खुशी,मेरे साथ ही रहना तू
"रूबी रिधम" से प्रभु कभी रिश्ता ना टूटे तेरा
बाबा तेरी दया पे ही ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b2%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%b0/